दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 122 मुरादाबाद, 22 August 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### राजा भैया से मिले एक्टर रजनीकांत, बोले- वो देश के सबसे बड़े महानायक, भेंट की बाबा विश्वनाथ की विभूति



लखनऊ में रजनीकांत ने जनसत्ता दल के नेता राजा भैया से मुलाकात की। राजा भैया ने उन्हें बाबा विश्वनाथ की विभूति सहित कई चीजें भेंट की।फिल्म अभिनेता रजनीकांत इन दिनों यूपी में हैं जहां वह कई राजनेताओं से मुलाकात करने के साथ ही आध्यात्मिक पर्यटन कर रहे हैं।सोमवार को उन्होंने लखनऊ में जनसत्ता दल के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से मुलाकात की। राजा भैया ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की और कहा कि वह रामायण में थलाइवा का स्वागत करने का सौभाग्य मिला। वे देश के सबसे बड़े महानायक हैं लेकिन केवल फिल्म जगत में ही नहीं अध्यात्म और भक्ति के क्षेत्र में भी वे उन्नत अवस्था में हैं। लाकात की तस्वीर भी ट्वीट की।

# मिसाइल से संगीत तक, महिलाओं ने बहुत कुछ हासिल किया है, राष्ट्रपति मुर्मू ने नारी शक्ति को सराहा

राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी कहावत है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला होती है लेकिन अब ऐसा कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ एक महिला होती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नारी शक्ति की तारीफ की और कहा कि महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में कामयाबी हासिल की है और वह मिसाइलों से लेकर संगीत, हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं। बता दें कि दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू भी शामिल हुईं।




## राष्ट्रपति ने कही ये बात

कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं सभी वीर नारियों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करती हूं। साथ ही आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की भी राष्ट्रपति ने तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान सेना के जवान से शादी करने वाली एक उद्यमी महिला और झारखंड की एक टीचर, जो कि वीर नारी हैं, अपने अनुभव साझा किए। दोनों महिलाओं को सुनने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दोनों महिलाओं की दर्दभरी कहानियां सुनने, या कहें कि दृढ संकल्प और समर्पण की कहानी सुनकर रूह कांप गईं। इसलिए ही इसे नारी शक्ति कहा जाता है।

## आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष ने की राष्ट्रपति की तारीफ

राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी कहावत है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे एक महिला होती है लेकिन अब ऐसा कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ एक महिला होती है। राष्ट्रपति ने देश और समाज के विकास में महिलाओं के योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मिसाइल से लेकर संगीत तक, महिलाओं ने सभी बाधाओं से पार पाते हुए बहुत कुछ हासिल किया है। आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने राष्ट्रपति की तारीफ की और उन्हें खुद नारी शक्ति का उदाहरण बताया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद रहीं।

# सपा के महासम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला, जूता फेंका, अखिलेश बोले- भाजपा ने करवाया

सपा के पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में एक युवक ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला कर दिया और उनकी तरफ जूता फेंका। युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में एक युवक ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला कर दिया। उसने स्वामी प्रसाद पर जूता भी फेंका। इससे सम्मेलन में हंगामा मच गया। सपा कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। युवक की पहचान आशीष सैनी के रूप में हुई है। उसका कहना है कि वह हिंदू धर्म के बारे में की गई स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणियों से आहत था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर विभूतिखंड थाने ले गई है। हमला करने वाला युवक वकील के वेशभूषा में था। इस हमले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जितने भी इस तरह के मसले हो रहे हैं उसमें बीजेपी शामिल है। अभी आपने घोसी का देखा था जिसमें इंक लगा दी गई, जब जानकारी मिली उसमें भी भाजपा के लोग शामिल थे।



लोग जागरूक हो गए हैं और अपने हक के लिए खड़े हो गए हैं इसलिए भाजपा के लोग ध्यान भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा क्या करेगी चुनाव से पहले किसको पता, कुछ भी होगा। ये सरकार एक कंपनी को हायर करके अपने झूठ को सच बनाना चाहती है। वो नंबर 1 सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि वो मीडिया को नंबर 1 दे रहे हैं। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समाजवादी पार्टी की तरफ से पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान ही युवक ने स्वामी प्रसाद की तरफ जूता फेंका और उन पर हमला कर दिया जिससे वहां हंगामा मच गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया और उसे सपा कार्यकर्ताओं से बचाकर विभूतिखंड थाने ले गई। मामले में पूछताछ की जा रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य बीते कुछ समय से हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी कर रहे हैं जिसके कारण वह सत्तारूढ़ दल भाजपा सहित कई धर्मगुरुओं के निशाने पर हैं। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाइयों पर सवाल उठाए और अनर्गल टिप्पणियां की हैं। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले वह भाजपा सरकार में मंत्री थे। हालांकि, चुनाव पूर्व वह सपा में शामिल हो गए थे।

# पीएम ने रोजगार मेले को किया संबोधित, क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा देने पर तारीफ कर बताया बदलाव का आधार

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ पांच साल के भीतर ही भारत में साढ़े 13 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। पिछले नौ वर्षों में लोगों की औसतन आय में भारी बढोतरी हुई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के भेल स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में आयोजित रोजगार मेले में नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति बधाई पत्र प्रदान किए। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि शिक्षक की नौकरी साधारण नहीं है। शिक्षक आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने वाले हैं। आप इंसान बनाने वाले हैं। ये आप सभी ध्यान रखना। शिक्षा का अर्थ है कि सा विद्या या विमुक्तये, शिक्षा वो है जो इस लोक और परलोक से मुक्ति दिलाये। जो ज्ञान, कौशल के साथ नागरिकता के संस्कार दे। सीएम ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सबको हार्दिक शुभकानाएं देता हूं आप नवनियुक्त शिक्षक हैं। मैं आपका बहुत आदर करता हूं। क्योंकि आप अब गुरु हो, गुरु का मतलब ही होता है अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले को किया संबोधित

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी मध्यप्रदेश रोजगार मेले को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक कालखंड में शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण दायित्व से अपने आप को जोड़ रहे हैं। इस बार लाल किले से मैंने विस्तार से बात की है कि कैसे देश के विकास में राष्ट्रीय चरित्र की अहम भूमिका है। आप सभी पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। मैं मध्यप्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले साढ़े पांच हजार से ज्यादा शिक्षक भाई बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे बताया गया है कि पिछले तीन वर्षों में मध्यप्रदेश में करीब 50 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई है। इसके लिए राज्य सरकार भी बधाई की पात्र है। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आप सभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में भी बड़ी भूमिका निभाने जा रहे है। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का बहुत बड़ा योगदान है। इसमें पारंपरिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नोलॉजी तक को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के रूप में नया पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। एक और बहुत बड़ा काम हुआ है। मातृभाषा में पढ़ाई को लेकर। अंग्रेजी न जानने वाले अनेकों छात्रों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई न कराकर उनके साथ अन्याय किया गया था। ये सामाजिक न्याय के विरुद्ध था। अब अन्याय को भी हमारी सरकार ने दूर कर दिया है। अब सिलेबस में क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों पर बल दिया गया है। देश की शिक्षा





व्यवस्था में ये बहुत बड़े बदलाव का आधार बनेगा।देश में गरीबी कम हुई है, समृद्धि बढ़ी है

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों जब सकारात्मक सोच, सही नियत पूर्ण निष्ठा के साथ निर्णय होते हैं तो पूरा वातावरण सकारात्मकता से भर जाता है। अमृतकाल के पहले वर्ष में ही दो बहुत बड़ी खबरें आई हैं। ये खबरें देश में कम होती गरीबी और बढ़ती समृद्धि का परिचय देती हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट में आया है कि सिर्फ पांच साल के भीतर ही भारत में साढ़े 13 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। कुछ दिन पहले एक और रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष फाइल होने वाले इनकम टैक्स की संख्या भी दूसरा महत्वपूर्ण संकेत दे रही है। पिछले नौ वर्षों में लोगों की औसतन आय में भारी बढोतरी हुई है। आईटीआर के आंकड़ों को मुताबिक 2014 में जो औसत आय करीब चार लाख रुपये थी वो 2023 में बढ़कर 13 लाख रुपये हो गई है। भारत में लोवर इनकम से अपर इनकम ग्रुप में जाने वालों की संख्या बढ़ी है। ये आंकड़े उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ इस बात का यकीन भी दिलाते हैं कि देश के हर सेक्टर को मजबूती मिल रही है और रोजगार के अनेक नए अवसर बढ़ते ही चले जा रहे हैं। साथियों आयकर रिटर्न के नए आंकड़ों में एक और बात नोट करने वाली है वो ये कि देश के नागरिकों का अपनी सरकार पर भरोसा निरंतर बढ़ रहा है। इस वजह से देश के नागरिक इमानदारी से अपना टैक्स देने के लिए आगे आ रहे हैं। वो जानते हैं कि उसके टैक्स की पाई-पाई देश के विकास में खर्च की जा रही है। उन्हें साफ दिख रहा है कि 2014 से पहले जो अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें नंबर पर थी वो आज पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। देश का नागरिक वो दिन भूल नहीं सकता, जब 2014 से पहले घोटालों और भ्रष्टाचार का दौर था। गरीब का हक उस तक पहुंचने से पहले ही लूट लिया जाता था। आज गरीब के हक का पूरा पैसा सीधे उसके खाते में पहुंच रहा है। सिस्टम से लीकेज रुकने का एक परिणाम ये भी हुआ है कि सरकार गरीब कल्याण पर पहले से ज्यादा खर्च कर पा रही है। इतने बड़े पैमाने पर हुए इनवेस्टमेंट ने भी देश के कोने-कोने में रोजगार का निर्माण किया है। एक उदाहरण कॉमन सर्विस सेंटर का है। 2014 के बाद से देश के गांव में पांच लाख नए कॉमन सर्विस सेंटर बने। प्रत्येक कॉमन सर्विस सेंटर आज कई-कई लोगों को रोजगार दे रहा है। यानि गांव गरीब का कल्याण भी हुआ और रोजगार के मौके भी बने पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आज देश में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार इन तीनों ही स्तरों पर दूरगामी नीति और निर्णय के साथ अनेक विविध काम हो रहे हैं। इस 15 अगस्त को मैंने लाल किले से पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। ये योजना भी इसी विजन का प्रतिबिंब है। हमारे विश्वकर्मा साथियों के पारंपरिक कौशल को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक ढालने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना बनाई गई है। इस पर लगभग 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परिवारों को हर प्रकार की सहायता दी जाएगी। उनको लाभ होगा। इससे समाज का वो वर्ग लाभान्वित होगा जिनके महत्व की चर्चा तो होती थी, लेकिन उनकी स्थिति बेहतर करने का कभी ठोस प्रयास नहीं किया गया। विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को ट्रेनिंग के साथ ही आधुनिक टूल्स खरीदने के लिए वाउचर भी दिए जाएंगे। यानी पीएम विश्वकर्मा से युवाओं को अपना हुनर निखारने का और ज्यादा अवसर मिलेगा। आज जो महानुभाव शिक्षक बन रहे हैं उनसे मैं एक और बात करुंगा। आप सभी कड़ी मेहनत से यहां तक पहुंचे हैं आगे भी आप सीखते रहने की प्रवृत्ति जारी रखें। आपकी मदद के लिए सरकार ने ऑनलाइन लर्निंग प्रोगाम आई गोट कर्मयोगी तैयार किया है। इस विधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का प्रयास करें। मैं आपको और आपके परिवार के लोगों को इस नई सफलता के लिए अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

## संपादकीय Editorial

### Eight percent growth rate

Economists of the Reserve Bank of India (RBI) estimate that the GDP growth rate in the current financial year 2023-24 could be 8 percent. This is clear from the figures of the first quarter (April-June) of the financial year itself. Although the total debt burden on the country is increasing, as this burden of the states has reached Rs 76 lakh crore. The debt has increased by about 60 percent. The retail inflation rate is showing less than 8 percent, but due to increase in the prices of vegetables, pulses, milk, rice, flour etc., the inflation index had jumped up to 38 percent. Now even Prime Minister Modi has expressed concern and concern and has assured the country about continuous efforts to bring down inflation. When the 'National Statistics Office' will release the GDP and economic growth rate data, then the reality of the development of the economy will be more clear, but the way the activities of the core sector are visible, their demand and consumption continues to increase and especially infrastructure. There are signs of investment in these sectors, it is clear from them that the growth rate of Indian economy can be the highest in the world. The RBI study makes it clear that India's economic momentum will remain steady and sustained, while the global economy slows down. India's growth rate will be more than America, China and European countries.

These are really auspicious signs, but the rich people in the country are getting richer, the poor are turning into middle class, but the income of the poor is not increasing. Is the growth rate of the economy only an indicator of the economic growth of the rich? Of course, the export turnover has shrunk by about 16 per cent in July and the prospects of this contraction remain persistent, yet private demand, private consumption and private investment have continued to grow. These are encouraging signs for the economy, but as unemployment continues to rise, the demand, consumption and investment figures look questionable. If the industrial class is also involved in private investment, then this growth rate cannot be called 'national'. It is being told that the figures of cargo and railway freight etc. at the ports have increased in July. While consumption of core sectors like steel, cement is showing healthy growth, sales of automobiles, with the exception of three-wheelers, have remained weak. Non-oil imports have also been reduced as compared to last year. These indicators make it clear that there are weaknesses in the economy. Can the growth rate touch a high of 8 per cent without these weaknesses and the role of the common man? The average per capita income in India is around Rs 1.75 lakh annually. This is also the condition of the country that even today crores of people are unable to earn Rs 375 a day, so how can the gross growth rate reach 8 per cent? It has also been revealed in the RBI report that the demand for work under MNREGA has come to the fore as compared to last year, so it is clear that even today there are people in the Indian population who do not have employment like MNREGA. They are demanding wages in MNREGA. However, there is also a picture that out of 982 projects for which investment plans were prepared, about 60 per cent are in infrastructure sectors. Most of the banks and financial institutions provide capital to these projects. Is this what is being called private investment? Projects of energy, roads, bridges, special economic zones, industrial biotech and information technology parks etc. come in this area. UP, Gujarat, Odisha, Maharashtra and Karnataka are the five states where more than 50 per cent of the investment is being made. Although these economic activities and investments may be a good sign, the destination is still far away.

# Onions should not become expensive!

The imposition of 40 percent duty on the export of onions by the government has made it clear that how old and deep is the relation of Indian politics with onion prices. The imposition of 40 percent duty on the export of onions by the government has made it clear that how old and deep is the relation of Indian politics with onion prices. Onion was successful in deciding the fate of the state government of Delhi during the period 1999-2002 when the BJP-led Atal Bihari Vajpayee government was at the centre. BJP then self. Mrs. Sushma Swaraj had to be brought from national politics to Delhi politics and had to be made the Chief Minister. Onion peels brought water to the eyes in such a way that people made Congress sit in power in place of BJP in the regional elections and in such a way that self. Sheila Dixit remained the Chief Minister for the whole 15 years. In fact, onion is such a part of the food plate of the poor and the common man that it provides essential food proteins, vitamins etc. in sufficient quantity. In view of the hue and cry that has been created in India these days regarding the prices of tomatoes, the center increased the duty on the export of onions as soon as they were slightly ripe, keeping the prices under control in the domestic market. At present, onion prices in the market are running 20 percent more than the prices running in these days of last year. According to the common man's pocket, these prices are enough to spoil his kitchen budget because the prices of other greens and vegetables are already very high due to unaccounted rains. If onion is also included in these, then the vegetables and vegetables are out of control of the poor man in such a way that he becomes unable to eat bread even with the help of onions and green chillies. We know that onion prices often increase during the rainy season because during this time there is no new crop and supply continues in the markets only with the help of the old crop. By the way, onion crop is good in the states of Maharashtra, Rajasthan and Karnataka etc. of India, but keeping its retail prices till the coming of the next crop remains a problem because long term storage of onion is not possible. Therefore, when there is a bumper crop, it is also exported so that the farmer can get a fair price for his crop. But looking at the experience of 1999-2002, now governments have become very serious about onion and seeing its retail prices rising in the open market, they start controlling its exports. Indian onions are exported only to neighboring countries like Bangladesh, Sri Lanka, United Arab Emirates, Nepal and Malaysia etc. Although India exports onion to about 65 countries of the world, but it is exported to the above countries in a big way. It is also necessary to mention that due to the closure of India's trade with Pakistan, there is no import-export of vegetables between the two countries, otherwise Pakistan has been the largest exporter of Indian onions at one time and vice versa. Is. Now Pakistan buys Indian onions via Dubai. India exported a total of 6.38 lakh metric tonnes of onions during the month of April to June, while in the previous year 2022 only 5.04 lakh metric tonnes was exported during the month of April to June. Therefore, whenever India exports more, then its prices start increasing in the domestic market. In these days last year, the retail price of onion in the domestic market was around Rs 27 per kg, while this time it is running above Rs 30. In view of this, the government has decided to increase the duty on exports to increase its supply in the domestic market so that the prices do not go up. This time the maximum export has been done to Bangladesh at 1.39 lakh metric ton and the least to Nepal at .39 lakh metric ton. Import-export of vegetables like potatoes and onions is a common thing, especially in neighboring countries. Recently, Nepal itself had offered to India that it can export tomatoes to India if it wishes. Looking at India's agricultural diversity, there is pressure on every government to make arrangements for farmers' cash crops, vegetables, fruits etc. to get a fair price in the domestic market. But their trade completely depends on the private market and private traders fix the prices of these crops in the wholesale market. Although some government agencies also intervene in the market when necessary, but often they leave prices to the market forces. On the other hand, we are seeing that foreign fruits are also easily available in Indian markets. All this has happened only after 2001, after the end of import-export restrictions on agricultural products. But onion is such a vegetable whose production per acre in India is better than in other countries, so Indians get restless seeing its retail price too high. Inflation of food items in India is already considered very high, due to which onion could bring tears to the eyes at any time. Therefore, the government has adopted the path of increasing the export duty.

# Trinity against china

The US, Japan and South Korea have now moved on to a new security resolution. After this triangle came into existence, the challenge from North Korea to China has increased. The US, Japan and South Korea have now moved on to a new security resolution. After this triangle came into existence, the challenge from North Korea to China has increased. In Sunday's editorial 'BRICS and India', I discussed China's intention to expand BRICS into such a powerful grouping that it can give a new edge to anti-American propaganda. Even before the BRICS conference, America has created a new crisis in front of it. Camp David Wild Place has long been a symbol of new beginnings and new possibilities. US President Joe Biden, South Korean President Yun Suk Yeol and Japanese Prime Minister Fumio Kishida held summits at Camp David itself. The three countries signed an agreement. The agreement states that if any of these countries is attacked, it will be considered as an attack on all. The three countries are keen to further strengthen their security and economic ties amid growing concerns over the threat of a nuclear attack from North Korea and China's meddling in the Pacific Ocean. The three countries have agreed to consult, share information and cooperate with each other in case of threat or crisis. More than 80,000 US soldiers are stationed in Japan and South Korea. The whole world knows the tension between America and China on Taiwan and other issues. US President Joe Biden has termed Chinese President Xi Jinping as a dictator and now he is engaged in forming different platforms with various countries to surround China. Biden also has to face the presidential election next year. That's why he is working to increase popularity by taking a tough stand towards China. There is no doubt that the security crisis of all the three countries is somewhere similar. By putting an end to the generations-old enmity between the two Asian powers like Japan and South Korea, the challenge of the three power can be presented in front of the increasingly assertive China. It is a great achievement of Biden that he is improving relations between Japan and South Korea. Japan's 35-year occupation of the Korean continent had led to historical animosity between the two countries. Biden has been successful in convincing both countries that the real threat to them is not from each other but from China. The US is already troubled by China's growing interference in the Indian Pacific region and the South China Sea. China is building a naval base in Cambodia. According to The Washington Post, the presence of Chinese troops will remain on the Gulf of Thailand north of the Reem Naval Base in Cambodia. It is believed that China has built this outpost to strengthen its position on the Indo-Pacific region. This is China's second military base in the region. Earlier, China had built a naval base in the East African country of Djibouti. This move of China will expand China's military power in the Indo-Pacific region. In such a situation, the question arises that why is China eyeing the Indian Pacific region. About $3.5 trillion in trade passes through the South China Sea and the Pacific Ocean. The entire trade of India, America, China, Korea and Japan is done through these regions. About 50 percent of India's trade is also concentrated in the Indo-Pacific region. The United States and India share the same view that common use of the sea and airspace should have equal access under international law. For this there should be freedom for peaceful settlement of disputes according to international law. This new military base of China built in Cambodia is just 1200 kilometers away from India's Andaman Nicobar Islands. China's navy or war ships can easily reach the Bay of Bengal from here. China is also trying to register its presence in Myanmar through the sea route. With the help of this military base, China will be able to secretly monitor the activities of the armies of both India and America. China is constantly trying to expand its military bases all over the world. For this, after funding economically weak countries, China infiltrates them and then slowly starts building its military bases there. America's initiative can be better to curb China and India will also do this. Can be a supporter of Trimurti. If the three countries cooperate strategically, then definitely this group will be much stronger than North Korea. This reconciliation should be appreciated only when the dragon's feet are tightened.

# Be a citizen, not a subject

Due to every citizen becoming a subject in Himachal, the conflict is increasing, while the formation and then expansion of the state took place on the basis that we as citizens should be equally entitled to the history, culture, social upliftment and development of our responsibility in the main role. In the initial period, the governments made laws on this basic basis and freed the civil base in the mountainous specialty. On April 15, 1948, we became Himachal by including thirty hill princely states so that neither the king's culture remains in a democracy nor the existence of a citizen is lost in the race of subjects. The distinction between citizen and subject is of an identity to every individual to create a society responsible for diligence and responsibility. By becoming a subject, the society can forget the civic concept, but to change the century, the formation of civil society is essential for self-discipline, realization of humanity, human upliftment in the vision of the future and community sentiment. In Himachal, the citizen himself is understanding the needs related to physical, economic and modern facilities in the sense of humanity, but as a civil society, he is not developing the mountain value system. It does not give absolute authority to the dominance of the state, but creates public opinion even after being an intermediary between the family and the state. Of course, a civil society appears to be forming in Himachal as a political force, but it also wants to stand aloof from moral responsibility. Is. Once Gandhiji had said that the true source of our rights are our duties and if we discharge our duties properly, then we will not need to ask for rights. This principle of Gandhi ji wants to establish such a civil society in the foundation of social conduct, which always keeps its duty towards the state in front. The society in Himachal wants to get a lot in its voluntary facilities from a single form, but does not want to agree or agree in collective activities. Being a subject, he chooses such a guarantee, facility or promise from every election, which will keep him independent till the next election. Being a subject, he wants all kinds of development from the government treasury, but does not want to pay taxes as a citizen. The people of the state have converted villages into towns and towns into cities, but as a citizen, every citizen of Himachal se tax should not be imposed.

# जिले में 26 व 28 अगस्त को बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज, कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए प्रशासन सर्तक



मुरादाबाद - सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने दो दिन स्कूल बंद रखने का फैसला किया है। आज शाम से हाईवे पर लागू की गई पाबंदियों को हटा लिया जाएगा। इसके बाद हाईवे पर दोनों तरफ सभी वाहन की आवाजाही सुचारु हो जाएगी। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए सभी प्रकार के इंतजाम किए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार का व्यवधान न पड़े इसके लिए विशेष तैयारी की जा रही है। पुलिस समेत अन्य एजेंसियों को सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को कहा गया है। इसके लिए हाईवे से लेकर शहर के अंदर तक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उधर, कांवड़ यात्रा के मद्देनजर लागू किए गए रूट डायवर्जन की पाबंदियां सोमवार शाम छह बजे के बाद हट जाएंगीं। इसके बाद हाईवे पर दोनों साइडों में वाहन दौड़ने लगेंगे। सावन के अंतिम सोमवार 28 अगस्त के लिए शुक्रवार को फिर से रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। अभी तक हाईवे पर एक साइड में कांवड़िये और दूसरी साइड में केवल कारें और दोपहिया चलाए जा रहे थे। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर रविवार सुबह आठ बजे से लेकर सोमवार सुबह 8 बजे तक दिल्ली हाईवे पर नो ट्रैफिक कर दिया गया था।सोमवार सुबह आठ बजे के बाद कार और दोपहिया वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके अलावा शाम छह बजे के बाद दोनों साइडों पर वाहनों के संचालन के लिए खोल दिया जाएगा। एसपी यातायात ने बताया कि शुक्रवार सुबह से फिर रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा।मुरादाबाद जिले में सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए 26 और 28 अगस्त को स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा सभी जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

# रामगंगा में डूबे दो बच्चों के शव बरामद, तीसरे की तलाश जारी, बारिश से बढ़ गया नदी का जलस्तर



मुरादाबाद -मुरादाबाद के गुलाबबाड़ी पुल के पास रामगंगा में बहे दो भाई समेत तीन छात्रों की तलाश सोमवार को भी जारी रही। गोताखोरों ने रितिक और मनोज के शव बरामद कर लिए हैं। दुर्गेश की तलाश अभी भी जारी है। रामगंगा में डूबे तीन बच्चों में दो के शव पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। तीसरे की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। रविवार को दो भाई समेत तीनों नदी में नहाने गए थे। गलशहीद के भूड़े का चौराहा निवासी गत्ता फैक्टरी कर्मचारी गंगाराम का बेटा मनोज (13), दुर्गेश( 10 ) और पड़ोसी चंद्रपाल का बेटा रितिक (11) रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ रोडवेज पुलिस चौकी के पास भंडारे में प्रसाद खाने गए थे। यहां प्रसाद खाने के बाद बच्चे कटघर क्षेत्र में गुलाब बाड़ी पुल के पास रामगंगा नदी में नहाने चले गए। करीब 12 बजे तीनों बच्चे और उनके साथी रामगंगा में नहाने के लिए रामगंगा नदी में कूद गए। एक के बाद एक मनोज, दुर्गेश और रितिक तेज बहाव के साथ बहने लगे। अन्य बच्चों ने किसी तरह अपनी जा बचा ली और उन्होंने शोर मचा दिया। कुछ ही देर में आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने मनोज, दुर्गेश और रितिक के बारे में उन्हें जानकारी दी। पुलिस ने पीएसी और स्थानीय गोताखोरों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद बच्चों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन अब तक उनका पता नहीं चल है। पिता गंगाराम ने बताया कि उसका बड़ा बेटा मनोज छठीं और छोटा बेटा दुर्गेश पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। चंद्रपाल का बेटा रितिक भी पांचवीं कक्षा का छात्र है। एसपी सिटी अखिलेश ने बताया कि दो बच्चों के शव मिल गए हैं। तीसरे की तलाश अभी जारी है।

# शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा वातावरण

## सावन के सातवें सोमवार को शिवभक्तों ने मंदिरों में किया जलाभिषेक



मुरादाबाद -सोमवार तड़के से ही शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजना शुरु हो गया। सावन के सातवें सोमवार को शिवभक्तों ने मंदिरों में हरिद्वार व बृजघाट से जल लाकर मंदिरों में जलाभिषेक करके विश्व में सुख शांति की कामना की। शिवालयों में सुबह से शिवलिंग पर जल चढ़ाने को भक्तों की लंबी लाइन देखने को मिली। महानगर के चौरासी घंटा मंदिर, ढाप वाला मंदिर, शिवशक्ति मंदिर, हरथला शिवमंदिर सहित अन्य मंदिरों में पहुंचकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। फूल, बेलपत्र, फल आदि चढ़ाकर अपने आराध्य देव से मनोकामना पूरी करने की।

भोले की आराधना कर सुख समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। वहीं अन्य भक्तों ने बाबा भोले का दूध से जलाभिषेक कर व्रत रखा।

# पति ही निकला मुरादाबाद की इरम का हत्यारा, नैनीताल ले जाकर होटल में खिला दिया था सल्फास



मुरादाबाद -मुरादाबाद की इरम की हत्या उसके पति ने ही की थी। वह इरम को घुमाने के बहाने नैनीताल लेकर गया था। मौका पाकर उसने उसे होटल में सल्फास खिला दिया था। इसके बाद सभी साक्ष्य नष्ट कर वह भाग निकला था। नैनीताल पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अगस्त को मुरादाबाद निवासी इरम की लाश नैनीताल के एक होटल में मिली थी। इसके बाद परिजनों ने उसकी पहचान करते हुए उसके पति गुलजार पर अपहरण और हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने इरम का बिसरा जांच के लिए रुद्रपुर भेज दिया था। बिसरा की रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों का खुलासा हो गया।रविवार को नैनीताल की सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि बिसरा रिपोर्ट में सल्फास के सेवन से इरम की मौत होने की पुष्टि हुई है। आरोपी मोहम्मद गुलजार निवासी करूला रहमत नगर गली नंबर- 4 नियर गुलाम ए रसूल मस्जिद थाना कटघर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया है।

### इरम पर बना रहा था मुकदमा वापस लेने का दबाव

बिसरा रिपोर्ट व पुलिस की तहकीकात में कई तथ्य सामने आए हैं। एसओ रोहिताश सिंह सागर ने बताया कि पूर्व से ही मो. गुलजार का आपराधिक इतिहास रहा है। गुलजार के खिलाफ पूर्व से ही मारपीट अन्य मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में इरम ने गुलजार के खिलाफ दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

### गुलजार की दूसरी पत्नी थी इरम

पुलिस तहकीकात में पता चला है कि मो. गुलजार ने इरम से दूसरा निकाह किया था। पूर्व की पत्नी से गुलजार को दो बच्चे हैं। इरम की मौत के 20 दिन बाद भी उसके मोबाइल का पता नहीं चल पया है। एसओ ने बताया कि आरोपी ने होटल से खाने व कई चीजों को कमरे से कूड़े के बहाने फेंक दिया था जिसमें इरम का मोबाइल भी था। मोबाइल की खोजबीन की जा रही है।

### यह था मामला

पुलिस ने नैनीताल के एक होटल में एक अगस्त को महिला पर्यटक इरम खान की मौत का खुलासा कर दिया है। बिसरा रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि इरम के साथ होटल में ठहरे मो. गुलजार ने ही सल्फास देकर उसकी जान ली थी। पुलिस ने गुलजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 20 दिन पहले मुरादाबाद निवासी गुलजार वहीं की इरम खान को लेकर तल्लीताल के एक होटल में ठहरा था। पुलिस की मौजूदगी में होटलकर्मियों ने दरवाजा खोला तो बेड पर इरम का शव पड़ा था जबकि गुलजार फरार था। नैनीताल पहुंची इरम की मां जुबेदा खातून, बहन फरहीन और ममेरे भाई शारिक ने पुलिस को बताया था कि गुलजार एक साल से इरम को परेशान कर रहा था।

# सोनकपुर पुल के पास मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद - सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के अज्ञात युवक शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त शुरु कर दी।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में सोनकपुर पुल के नीचे अज्ञात युवक का शव पड़ा था। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद वहां डाग स्क्वायड और फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को देखने पर ऐसा लग रहा है। जैसे युवक पुल से नीचे गिरा हो। जिसमें पत्थर पर सर टकराने से उसकी मौत हो गई।

# श्रृद्धा-भाव से मनाया गया गया नागपंचमी का त्योहार



क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा।सावन के पवित्र माह में सोमवार को नागपंचमी का पर्व विशेष रूप से मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों पर शिवभक्त कांविड़यों ने जलाभिषेक किया। वहीं नागपंचमी पर दूधातालाब, भीमसेन मंदिर सहित तमाम मंदिरों पर दूध, बिनौले चढ़ाए गए।

www.knlslive.com

# हर माह 2-3 लाख कर चुकाने वाले आढ़ती सुविधाओं के मोहताज, पानी निकासी की सबसे बड़ी समस्या



मुरादाबाद -हर माह 2-3 लाख रुपये का टैक्स देने के बावजूद राजकीय मंडी में आढ़तियों को मूल सुविधाएं नहीं मिल रहीं है। समिति परिसर में पानी की निकासी सबसे बड़ी समस्या है। परिसर में नियमित सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी पसरी है। सड़कें भी टूटी हैं। इससे आढ़ती ही नहीं फल और सब्जी लेकर आने वाले किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जुलाई माह में आढ़तियों ने इन मुद्दों लेकर हड़ताल भी की थी, लेकिन समस्याएं ज्यों की त्यों हैं। मंडी समिति में करीब 350 आढ़ती पंजीकृत हैं, जबकि प्रतिदिन 250 से 300 किसान भी अपनी सब्जी और फल लेकर मंडी में पहुंचते हैं। करीब 150 ठेले वालों के रोजगार का जरिया भी मंडी समिति है।100 से 150 ऐसे फुटकर विक्रेता भी हैं जो सब्जी और फलों की बिक्री कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। आढ़ती हर महीने 2-3 लाख रुपये का टैक्स भी जमा करते हैं। इसके बाद भी उनकी सुनवाई नहीं होती। मंडी समिति के अधिकारी मूलभूत सुविधाएं तक मयस्सर तक नहीं करा पा रहे हैं। मंडी समिति में पानी की टंकी तो बनी है, लेकिन अब तक उससे पानी की आपूर्ति नहीं हुई। गर्मी में बाहर से आने वाले लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशान होना पड़ता है। यहां से जिले भर के लिए फल और सब्जी की आपूर्ति की जाती है। करीब 44.47 हेक्टेयर में मंडी समिति का परिसर है। आढ़ती राम सिंह सैनी, सुरेंद्र सिंह, कमल सिंह का कहना है कि बारिश में मंडी में कई जगह पर इतनी गंदगी और कीचड़ फैल जाता है। कि वहां से निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मांग भी की गई, लेकिन आज तक समस्याओं का हल नहीं किया गया। पानी निकासी न होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सबके बावजूद जिम्मेदारी अधिकारी अनजान बने हुए हैं। आढ़तियों को सिर्फ झूठे आश्वासन ही अब तक दिए जाते रहे हैं।

### मंडी समिति में तीन करोड़ से बनेंगीं सड़कें

मुरादाबाद। फल सब्जी विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बताया कि आज भी मंडी समिति में आढ़तियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। जबकि यहां से मंडल भर के लिए सब्जी और फलों का व्यापार होता है। जुलाई में हड़ताल के समय समिति की ओर से 100 नई दुकानों का निर्माण कराने, 20 का पुनर्निर्माण, सड़कों की मरम्मत, बिजली की व्यवस्था कराने, जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की गई थी। नगर विधायक रितेश गुप्ता व मंडी समिति सचिव ज्योति सिंह जल्द समस्याओं का आश्वासन दिया था। इसके बाद भी दिक्कतें बरकरार हैं।शासन से मंडी समिति में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए 3.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पानी की आपूर्ति के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। अन्य समस्याएं भी जल्द दूर की जाएंगी। - ज्योति सिंह, सचिव, मंडी समित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शिक्षा विभाग बना दलाली का अड्डा, मनमानी कर रहे बाबू अधिकारी बने हैं मूक दर्शक




क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

सिंगरौली जिला के चितरंगी विकासखंड के कन्या संकूल से प्रकाश में आया है,जहा संकुल में पदस्थ बाबू अनीश विस्वकर्मा द्वारा अतिथि शिक्षकों के संबंध में भारी मनमानी की जा रही है। अधिकारी मूक दर्शक बने हैं। संकुल अंर्तगत प्राथमिक पाठशाला बैगड़वा और प्राथमिक पाठशाला अंधियारी में पूर्व से कार्यरत अतिथियों के पेट पर लात उस समय मार दिया गया जब शासन के आदेश नुसार 12 जुलाई से कार्यरत अतिथियों को बाबू अनीश विश्वकर्मा द्वारा अचानक निष्कासित कर दिया गया,प्रदेश भर में नए प्राथमिक शिक्षक आ रहे हैं ऐसे में अतिथि शिक्षकों को काम पर नही बुलाया गया था किंतु यहा अतिथि कृष्णकुमार द्विवेदी और प्रिया पांडे को संकुल से आश्वासन दिया गया और 12 जुलाई से सब जगह की तरह ये कार्य करने लगे लेकिन जब बारी पोर्टल पर चढ़ाने की आई तो बाबू द्वारा इनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया,

प्रश्न यह है कि इनके द्वारा जो एक महीने से कार्य किया जा रहा था उसका पारिश्रमिक कौन देगा,यदि नियम में था तो 12 जुलाई से इन्हे कार्य पर क्यू बुलाया गया था,अब ये अथिति शिक्षक मुख्यमंत्री हेल्प लाइन का सहारा लिए है देखते है की इनके साथ न्याय हो पाता है कि पेट पर लात मारकर बाहर कर दिया जाता है। बात सिर्फ इतनी नही है पूर्व में भी बाबू अनीश विश्वकर्मा द्वारा मनमानी के कई आरोप सामने आए है, कहा जाता है की संकुल प्राचार्य श्री सत्यभान सिंह जी की संकुल में चलती नही ,बाबू गिरी इतने चरम पर है की बिना पैसे कोई कार्य होता नही है। सूत्रों से खबर आई है की अनीश विश्वकर्मा का जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसबी सिंह जी से अच्छे संबंध है क्यों की पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय कन्या चितरंगी के प्राचार्य थे बस इसी संबध का फायदा बाबू द्वारा लगातार उठाया जाता है और कर्मचारियों पर रसूख और हर कार्य में मनमानी की जाती है। एक ओर प्रदेश के मुखिया अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित रखने की बात करते है,दूसरी ओर बाबूगिरी का ये हाल है को कार्य करते निकाला जा रहा है, अब देखना यह है की बाबू के ऊपर कार्यवाही कर प्रशासन के आला अधिकारी पीड़ितो की गुहार सुनते है को बस अपने संबंधों को मज़बूत बनाया जाता है।

# दुआरा नाथ मंदिर अंतर्गत रोड का नहीं कराया गया निर्माण



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा जिला के जोन्हा,दुअरा,रामनगर में दुअरानाथ मंदिर में मीडिया ने संपर्क किया ग्रामीणों से एवं समाजसेवी से तो यह जानकारी निकलकर सामने आई , यहां पर रोड का निर्माण नहीं कराया गया है जो की सबसे प्रसिद्ध स्थान के नाम से जाना जाता है दुअरा नाथ मंदिर एक बात नहीं समझ में आयी की सिरमौर का सबसे पवित्र जगह दुअरानाथ मंदिर है लेकिन 2 से 3 किलोमीटर का रास्ते का आज , रोड तक निर्माण कार्य नहीं हो पाया 7 पुरे सिरमौर ही नहीं बाहर क़े लोग भी दर्शन करते आते है देखा जाय तो साल भर में हज़ारो लाखो लोग आते है फिर भी रास्ते का निर्माण नहीं हो पाया है लेकिन सत्ता पक्ष सरकार भाषण में हमेशा चमचामती सडको का गुणगान करती है ये इसका दूसरा उदाहरण रामनगर का है जहाँ आज़ादी क़े इतने साल क़े बाद भी सड़क नहीं है आज भी बारिश होने क़े बाद यहां पर चलना मुश्किल है पैदल आश्चर्य की बात है की 10 साल क़े कार्यकाल में ऐसी भी जगह है जहाँ पर आज तक सड़क नहीं है अब आने चुनाव में जनता खुद फैसला करेंगी अगर इस रोड का निर्माण नहीं हो पता है तो समाजसेवी विवेक शुक्ला एवं ग्रामीण वासी गण शासन प्रशासन को इस संबंध में अवगत करा कर तुरंत रोड बनवाए जाने की मांग की है

# समाज सेवक रमन ओबरॉय व उनकी टीम ने खड्डे में गिरी गाय को सही सलामत बाहर निकाला



क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना - वार्ड नं 14 में ताज पुर रोड में दूध की डेयरियों में सीवरेज प्रणाली की इतना बुरा हाल है कि आये दिन रोज कोई न कोई हादसा होता रहता है। डेयरियों में सीवरेज के ढक्कन खुले पड़े है तो कहीं सीवरेज का लेंटर ही नहीं डाला गया लेकिन नगर निगम व प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान न जाता, प्रशासन गहरी नींद सो रहा है। आज फिर एक हादसा होने से बच गया। सीवरेज के खुले होल में एक गाय उसमें गिर गई जिसको समाज सेवक रमन ओबरॉय व उनकी टीम ने लोगों को मदद से बाहर निकाल कर गाय की जान बचाई और गाय को गौशाला में छोड़ा। इस मौके पर मानव सर्व सहयोग सेवा सोसाइटी के सदस्यों ने इस समाज सेवा के नेक कार्यों के लिए रमन ओबरॉय व उनकी टीम को सम्मानित किया।इस मौके पर सोसाइटी की अध्यक्ष व ब्लॉक प्रधान सुरिन्द्र कौर,मनमीत कौर मनी,आशा रानी चोपड़ा, किरण बाला,चमेली,मोनिका रानी सहित समूह सदस्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैम पोर्टल की कठिनाइयों का किया गया निवारण




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैम पोर्टल की कठिनाइयों का किया गया निवारण भारत सरकार द्वारा विकसित ई- मार्केट प्लस- जैम के माध्यम से विकास भवन सभागार एटा में जिला स्तरीय जैम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। एम एस एम ई विभाग 卐 जेम सेल 卐 दिल्ली से आए प्रशिक्षक मानवेंद्र सिंह द्वारा जनपद के समस्त विभागों के आहरण व् वितरण अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग आई ई डी, आई सी डी एस आयुष विभाग नगर, पालिका परिषद,लोक निर्माण विभाग, उद्यान विभाग,अर्थ संख्या विभाग,एफ एस डी ए विभाग, समाज कल्याण विभाग,युवा कल्याण विभाग,भूमि संरक्षण विभाग, डी आई ओ एस, विकाश विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग आदि सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों को जेम पोर्टल के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विक्रेता मैसर्स जय श्री, मैसर्स गंगा कंप्यूटर,मैसर्स सिंह ग्रामोद्योग, मैसर्स जय महाकाल,मैसर्स भारत बिस्कुट बेकरी, मैसर्स पोलेक्स इंटरनेशनल, महावीर फूड के अलावा अनेकों इकाइयों के स्वामियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए

जैम पोर्टल पर आने वाली कठिनाइयों से संबंधित प्रश्नों को पूछा गया। उक्त कठिनाइयों का निवारण प्रशिक्षण द्वारा संतोषजनक ढंग से किया गया।

